Experts' Institute
8-D, Kutchery Road Prayagraj. Ph:9415368884
JAVA Comp. Applications
Python Robotics & AI

# ST. JOSEPH'S COLLEGE, PRAYAGRAJ
## ANNUAL EXAMINATION 2024-25
## HINDI

TIME - 3 Hrs. CLASS-IX M.M. 80

**निर्देश :**

1. प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।
2. प्रश्न पत्र दो खण्ड 'अ' एवं 'ब' में विभाजित है।
3. खण्ड 'अ' के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है एवं खण्ड 'ब' से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित है।

**खण्ड–अ**

**भाषा– 40 अंक**

**प्र0–1 निम्नलिखित किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए जो 250 शब्दों से कम न हो–** (15)


(1) 'भारत विज्ञान एवं सैन्य क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है' इस विषय में अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(2) अनुशासन राष्ट्र की उन्नति का मूल आधार है। अनुशासन के अभाव में कोई भी देश पतन के गर्त में गिर जाता है। अनुशासन का अर्थ, महत्त्व एवं अनुशासनहीनता के दुष्परिणाम को आधार बनाकर निबंध लिखिए।

(3) देश के निर्माण और बहुमुखी प्रगति में विद्यार्थियों की भूमिका अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। विद्यार्थी ही देश के भावी कर्णधार हैं। इस विषय पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(4) 'अब पछताए होत क्या चिड़ियाँ चुग गयी खेत' उक्ति के आधार पर कोई मौलिक कहानी लिखिए।

(5) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए अथवा कहानी लिखिए जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से हो।



**प्र0–2 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए–** (07)

(i) आपका छोटा भाई किसी दूसरे शहर में पढ़ने गया है, जहाँ वह खेलने के लिए समय नहीं निकाल पा रहा है। खेलों का महत्त्व समझाते हुए उसे पत्र लिखिए।

(ii) रसोई गैस वितरकों द्वारा सिलेंडरों के सम्बन्ध में की जा रही धांधली तथा काला बाजारी की शिकायत करते हुए इंडियन ऑयल के सतर्कता विभाग के निदेशक को पत्र लिखिए।

**प्र0–3 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर यथासम्भव अपने शब्दों में लिखिए।**

बसन्त ऋतु का आगमन हो चुका था, परन्तु कोयल और मोर उदास थे। जंगल के राजा ने एक जाँच आयोग का गठन करवाया जिसका प्रमुख कौआ बनाया गया। जाँच द्वारा पता चला कि कोयल और मोर एक ही घर की मुंडेर पर बैठे थे कि तभी उनकी नजर घर पर चल रहे टेलीविजन पर पड़ी, जिस पर नृत्य का कार्यक्रम दिखाया जा रहा था। दोनों ही बड़ी लगन से कार्यक्रम देखने लगे। नृत्यांगना मोर पंख पहनकर नृत्य कर रही थी, गायिका मधुर स्वर में गा रही थी। कार्यक्रम की समाप्ति पर दोनों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम देखकर दोनों उदास हो गये। वे सोचने लगे कि हम दिन–रात मधुर वाणी और मनमोहक अदाओं से सबका मन बहलाते हैं, पर हमारी प्रशंसा में किसी ने कुछ नहीं कहा।

कौए को जब इन बातों का पता चला तो उसने दोनों को समझाया कि पक्षियों में सबसे अधिक निरादर की भावना से मुझे देखा जाता है। हम आस–पास की गंदगी साफ कर देते हैं। अन्य पक्षियों की तरह झगड़ते नहीं है। हमारे जैसा भाईचारा तो मनुष्यों में भी नहीं होता है। जब हमारा कोई साथी मर जाता तो हम सब एकत्र होकर काँव–काँव कर अपना दुःख प्रकट करते हैं। हम मित्रों एवं मेहमानों के आगमन की सूचना देते हैं। लोग हमारी कद्र नहीं करते हैं। गीता के उपदेश की तरह हम अपने कार्य को करते हैं, फल की इच्छा नहीं

करते है। क्या तुम आज एक प्रशंसा और पुरस्कार के लिए गाते और नाचते रहे। इस पर्यावरण को खुश रखने में क्या तुम्हारी सबसे अहम् भूमिका नहीं है?

कौए की बातें उन दोनों की समझ में आ गई। उसी समय जंगल में काले बादल छा गए। कोयल और मोर झूम–झूम कर नाचने और गाने लगे। सारे जंगल में खुशी की लहर दौड़ गयी। उनके साथ–साथ सभी पशु–पक्षी, पेड़–पौधे झूमने–गाने और चहचहाने लगे। कौए ने कहा, भगवान कृष्ण तुम्हारे पंख अपने सिर पर लगाते हैं, क्या इससे बढ़कर तुम्हारा पुरस्कार हो सकता है? इसी भाव से कोयल को भी समझाया कि तुम ही बसंत के आगमन की सूचना देती हो। आमों की बहार आने की खुशियाँ देती हो। यह सब सुनकर दोनों की आँखों में खुशी के आँसू थे।

(i) मोर और कोयल क्यों उदास थे? (2)
(ii) कौए ने अपना उदाहरण क्या कह कर दिया? (2)
(iii) जंगल के राजा ने उनकी उदासी का पता लगाने के लिए क्या किया? (2)
(iv) कौए की बातों का दोनों पर क्या प्रभाव पड़ा? (2)
(v) उन्हें अपने–अपने पुरस्कार किस रूप में प्राप्त हुए थे? (2)

**प्र0–4 निम्नलिखित प्रश्नों का सही विकल्प निर्देशानुसार लिखिए–**

(a) 'अपव्यय' शब्द का विलोम लिखिए– (1)
(1) अधिव्यय (2) व्यय
(3) मितव्यय (4) इनमें से कोई नहीं।

(b) 'शत्रु' शब्द के पर्यायवाची लिखिए– (1)
(1) रिपु–कर (2) दुश्मन–तोय
(3) अरि–वैरी (4) गात–विरोधी

(c) 'खेत रहना' मुहावरा का अर्थ है– (1)
(1) युद्ध में शहीद होना (2) कानूनी विवाद से जमीन का बच जाना
(3) जमीन बिक जाना (4) जमीन खरीदना

(d) 'राष्ट्र' शब्द की भाववाचक संज्ञा लिखिए– (1)
(1) राष्ट्री (2) राष्ट्रीय
(3) सौराष्ट्र (4) राष्ट्रीयता

(e) 'शुद्ध' शब्द लिखिए– (1)
(1) श्रृंगार (2) श्रृंगार
(3) श्रंगार (4) शृंगर

(f) 'रक्त' शब्द का विशेषण है– (1)
(1) रक्तिमा (2) रक्तता
(3) रक्तिमय (4) रक्तिम

(g) निर्गुण भक्ति के अनुसार ईश्वर का <u>कोई आकार</u> नहीं है। (रेखांकित वाक्यांश हेतु एक शब्द का प्रयोग करें) (1)
(1) निर्गुण भक्ति के अनुसार ईश्वर साकार है।
(2) निर्गुण भक्ति के अनुसार ईश्वर निराकार है।
(3) निर्गुण भक्ति के अनुसार ईश्वर ओंकार है।
(4) निर्गुण भक्ति के अनुसार ईश्वर निर्विकार है।

(h) हमें तैरना नहीं आता। (हमें के स्थान पर 'हम' शब्द का प्रयोग कीजिए) (1)
(1) हम तैरना नहीं सकता। (2) हम तैर नहीं सकता।
(3) हम तैरना नहीं जानते। (4) हम तैर नहीं पाता।

## खण्ड–ब
## साहित्य–40 अंक
## (साहित्य सागर (गद्य भाग)

**निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

**प्र0–5 "नैनीताल की संध्या धीरे–धीरे उतर रही थी"**

(i) लेखक कौन है? उसके कथन का आशय स्पष्ट कीजिए? (2)
(ii) नैनीताल की संध्या के समय बादल कैसे लग रहे थे? (2)
(iii) बादलों को देखकर लेखक को कैसा लगा? (3)
(iv) लेखक के मित्र को अचानक क्या दिखाई पड़ा? उसका परिचय दीजिए। (3)

**Experts' Institute**
8-D, Kutchery Road Prayagraj. Ph:9415368884
JAVA Comp. Applications
Python Robotics & AI



**प्र0–6 "उनके ऐसे तेवर देखकर बूढ़ा ठाकुर अवाक् रह गया।"**

(i) 'उनके' शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है? प्रस्तुत पंक्ति के लेखक कौन हैं? (2)

(ii) बूढ़े ठाकुर ने क्या उत्तर दिया? (2)

(iii) बूढ़ा ठाकुर कौन है तथा वह कब और क्यों अवाक् रह गया? (3)

(iv) श्रीकंठ सिंह को कौन–सा अन्याय असह्य था? (3)

**प्र0–7 पर सब दिन होत न एक समान। अकस्मात् दिन फिरे और सेठ जी को गरीबी का मुँह देखना पड़ा।'**

(i) अकस्मात् बुरा समय किसका आ गया था तथा बुरा समय आने से पहले उसकी दशा कैसी थी? (2)

(ii) अपना बुरा समय दूर करने के लिए सेठ ने क्या उपाय सोचा? इस उपाय के लिए उन्हें किसके पास जाना पड़ा? (2)

(iii) सेठ ने मार्ग में कौन–सा महायज्ञ किया था? क्या वह वास्तव में महायज्ञ था? समझाकर लिखिए। (3)

(iv) प्रस्तुत कहानी का उद्देश्य लिखिए? (3)

## साहित्य–सागर (पद्य भाग)

**निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

प्र0–8 "मेघ आए बड़े बन–ठन के, सँवर के
आगे–आगे नाचती–गाती बयार चली,
दरवाजे–खिड़कियाँ खुलने लगी गली–गली
पाहुन ज्यों आये हों, गाँव में शहर के।"

(i) मेघ कहाँ आए हुए है? कवि को मेघ देखकर क्या प्रतीत हो रहा है? (2)

(ii) 'बयार' शब्द से आप क्या समझते हैं? कवि इसके बारे में क्या बताना चाहता है? (2)

(iii) दरवाजे–खिड़कियाँ क्यों खुलने लगी है? किसका स्वागत कहाँ पर किस प्रकार किया जाने लगा है? (3)

(iv) कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए। (3)

**प्र0–9 "मैया मेरी, चन्द्र खिलौना लैहों।**
धौरी को पय पान न करिहौं, बेनी सिर न गुथैहों
मोतिन माल न धरिहौं उर पर झंगुलि कंठ न लैहों
जैहों लोट अबहिं धरनी पर, तेरी गोद न ऐहों
लाल कहैहौं नंद बाबा को, तेरो सुत न कहैहों।"

(i) प्रस्तुत पद्य में कौन अपनी माता से क्या–क्या हठ कर रहा हैं? (2)

(ii) माता कौन है वे अपने पुत्र को देखकर कैसा अनुभव कर रही है? स्पष्ट कीजिए। (2)

(iii) रूठे हुए बालक को बहलाने के लिए माँ क्या कहती है। बालक पर उसका क्या प्रभाव पड़ता है? (3)

(iv) कवि सूरदास का जीवन परिचय एवं उनकी रचनाओं पर प्रकाश डालिए। (3)

प्र0–10

"जब तक मनुज–मनुज का यह सुख भाग नहीं सम होगा
शामित न होगा कोलाहल, संघर्ष नहीं कम होगा
उसे भूल वह फँसा परस्पर ही शंका में, भय में
लगा हुआ केवल अपने में और भोग–संचय में।"

(i) 'जब तक मनुज–मंनुज का यह सुख भाग नहीं सम होगा'– इस पंक्ति में किस 'सुख भाग' का उल्लेख किया गया है? (2)

(ii) 'कोलाहल शांत होने' और 'संघर्ष कम होने' के लिए क्या होना आवश्यक है? (2)

(iii) 'उसे भूल' शब्द का प्रयोग कवि ने किस संदर्भ में किया है? (3)

(iv) राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' का जीवन परिचय लिखिए। (3)